बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे-5
टेली -020 :25614495, 25614366, 25514501 to 12 Extn.

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र नई डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन प्रणाली TIN 2.0 पर लाइव

पुणे, 9 अक्टूबर, 2022 : बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का अग्रणी बैंक है। बैंक ने आयकर विभाग की नई डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन प्रणाली TIN 2.0 के साथ अपने टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म को एकीकृत किया है। अब बैंक उन फ्रंट-रनर पीएसबी में से एक है, जिसने सफलतापूर्वक TIN 2.0 लाइव किया है।

इस अवसर पर श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि "इस तकनीकी एकीकरण और नए प्लेटफॉर्म में संवर्धन के साथ करदाता अब एक ही प्लेटफॉर्म पर अपना टैक्स भुगतान करने के साथ-साथ टैक्स रिटर्न की ई-फाइलिंग भी कर सकेंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि इससे राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस की योजना को बढ़ावा मिलेगा और हमारे ग्राहकों को सर्विस डिलीवरी में सुविधा के साथ बैंक के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन प्रयासों में भी संवर्धन होगा और इस दिशा में नए रास्ते खुलेंगे।

श्री आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कहा कि, "इस सुविधा के साथ बैंक ऑफ महाराष्ट्र डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गया है और हमारी सभी शाखाओं को अब विभिन्न चैनलों के माध्यम से **TIN 2.0** के अंतर्गत डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन की सुविधा के लिए नामित किया गया है। इससे हमारे ग्राहकों को उनकी सुविधा के अनुसार निर्बाध रूप से इस सेवा का लाभ उठाने में सहायता मिलेगी।"

टैक्स प्लेटफॉर्म का माइग्रेशन अपर आयकर निदेशक (सिस्टम्स) -2 (3), आयकर निदेशालय (सिस्टम्स), सीबीडीटी, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुपालन में किया गया है। **TIN 2.0** ने वर्तमान सिस्टम और प्रक्रियाओं में कुछ सुधारों और संशोधनों के साथ मौजूदा ऑनलाइन टैक्स अकाउंटिंग सिस्टम (OLTAS) का स्थान लिया है।